# RAS Pre-2021
# ANSWER KEY

27.10.2021

| क्र. सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 1. | निम्नलिखित में से कौन-कौन से सिद्धांत जैन धर्म से संबंधित हैं?<br>(i) अनेकान्तवाद (ii) सर्वस्तिवाद<br>(iii) शून्यवाद (iv) स्यादवाद | अनेकान्तवाद एवं स्यादवाद |
| 2. | बयाना दुर्ग स्थित वरिक विष्णुवर्धन विजय स्तम्भ किस काल का माना जाता है? | गुप्तकाल |
| 3. | मौर्य कालीन मूर्तियों में, मणिभद्र (यक्ष) नाम से अंकित मूर्ति किस स्थान से प्राप्त हुई है? | परखम |
| 4. | समाचार-पत्र 'मज़हरूल सरूर' कहाँ से और कब प्रकाशित हुआ? | भरतपुर, 1849 |
| 5. | सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए-<br>**सूची-I (लोक वाद्य यंत्र)** — **सूची-II (प्रख्यात कलाकार)**<br>(A) भपंग — (i) सदीक खाँ<br>(B) नड़ — (ii) जहूर खाँ<br>(C) अलगोज़ा — (iii) कर्णा भील<br>(D) खड़ताल — (iv) रामनाथ चौधरी | A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i) |
| 6. | सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए-<br>**सूची-I (तीर्थंकर)** — **सूची-II (उनके संज्ञान)**<br>(A) पार्श्वनाथ — (i) वृषभ<br>(B) आदिनाथ — (ii) सिंह<br>(C) महावीर — (iii) सर्प<br>(D) शांतिनाथ — (iv) हिरण | A-(iii), B-(i), C-(ii), D-(iv) |
| 7. | राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी कहाँ अवस्थित है? | बीकानेर |
| 8. | सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए-<br>**सूची-I** — **सूची-II**<br>(A) हावड़ा षड्यंत्र केस — (i) मास्टर अमीचंद (अमीरचंद)<br>(B) लाहौर षड्यंत्र केस — (ii) अरविन्द घोष<br>(C) दिल्ली षड्यंत्र केस — (iii) जतिन्द्रनाथ मुखर्जी<br>(D) अलीपुर षड्यंत्र केस — (iv) राजगुरु | A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii) |



Created by Universal Document Converter

9. निम्नलिखित में से कौन सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| पुस्तकें | लेखक |
|---|---|
| (A) नेह तरंग | सवाई प्रतापसिंह |
| (B) नागदमण | सांयाजी झूला |
| (C) रणमल छन्द | श्रीधर व्यास |
| (D) भाषा भूषण | महाराजा जसवंत सिंह |

**(A)** **नेह तरंग के लेखक बुद्धिसिह है।**

10. जोधपुर नरेश मानसिंह की रानी भटियाणी प्रतापकुँवरी ने अपने द्वारा बनाये गये मंदिर को पुनः अन्यत्र बनवाया, क्योंकि पहले वाला मंदिर जमीन में धंस गया था और उसने उसकी प्राण प्रतिष्ठा 1857 में कराई। उस मंदिर का नाम है – **तीजा मांजी का मंदिर**

11. राजस्थान के रीति – रिवाजों में 'आंणौ' क्या है? **विवाह के पश्चात् दुल्हन को दूसरी बार ससुराल भेजना**

12. उस क्रांतिकारी महिला का नाम बताइये जिसने बिजौलिया किसान आन्दोलन में भाग लिया और उसे गिरफ्तार किया गया तथा 1930 के सत्याग्रह और 1932 के सविनय अवज्ञा आन्दोलन में भाग लिया और जेल गई – **अंजना देवी चौधरी**

13. सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए –

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) गांगरोण का युद्ध | (i) 1519 ई. |
| (B) सारंगपुर का युद्ध | (ii) 1544 ई. |
| (C) सुमेल का युद्ध | (iii) 1437 ई. |
| (D) साहेबा का युद्ध | (iv) 1541–42 ई. |

**A-(i), B-(iii), C-(ii), D-(iv)**

14. भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान, कनकलता बरूआ नामक एक कन्या ने जनता का एक जुलूस निकाला और पुलिस की परवाह न करते हुए थाने में घुसने के प्रयास में गोली खाई। यह घटना किस स्थान की है? **गोहपुर**

15. रूमा देवी के बारे में निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है? **वे जसरापुर ( खेतड़ी ) गाँव में पली-बढ़ी**

16. इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइन्स की स्थापना बैंगलोर में कब और किनके प्रयासों से हुई? **1909, जमशेदजी टाटा**

17. सेन्ट्रल इलेक्ट्रोकेमिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट की स्थापना अलगप्पा चेटियार, डॉ. शांति स्वरूप भटनागर एवं पं. जवाहरलाल नेहरू के प्रयासों से कहाँ और कब की गई? **कराईकुड़ी, 1953**

18. निम्न कथनों पर विचार कीजिये और दिये गये कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये –

**कथन 1 :** विजयनगर के शासक कृष्णदेवराय ने अमुक्तामाल्यद ग्रंथ की रचना की।

**कथन 2 :** कृष्णदेवराय को आन्ध्र भोज के नाम से भी जाना जाता है।

**कथन 3 :** उनके दरबार को अल्लसानी पेड्डना नामक राजकवि सुशोभित करता था, जो संस्कृत एवं तमिल दोनों भाषाओं का ज्ञाता था। **कथन 1 और 2 दोनों सही हैं**

19. राजस्थान में कहाँ, 'वैदिक यंत्रालय' छापाखाना स्थापित किया गया था? **अजमेर**



Created by Universal Document Converter

20. बखनाजी, संतदासजी, जगन्नाथ दास और माधोदास नामक संतों का संबंध निम्नलिखित में से किस सम्प्रदाय के साथ था? **दादू पंथ**

21. 'टोटी' आभूषण शरीर के किस हिस्से में पहना जाता है? **कान**

22. सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए-

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| (A) व्रीही | (i) गन्ना |
| (B) मुद्ग | (ii) चावल |
| (C) यव | (iii) मूंग |
| (D) इक्षु | (iv) जौ |

**A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)**

23. विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 1871 ई. में राजमुन्द्री सोशल रिफॉर्म एसोसिएशन स्थापित किया गया था-

**वीरेशलिंगम द्वारा**

24. सूची-I एवं सूची-II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए-

| **सूची-I (त्यौहार)** | **सूची-II (उत्सव की तिथि/माह)** |
|---|---|
| (A) बूंदी की कजली तीज | (i) भाद्रपद कृष्ण तृतीया |
| (B) होली | (ii) फाल्गुन पूर्णिमा |
| (C) पर्युषण पर्व | (iii) भाद्रपद माह |
| (D) गणगौर | (iv) चैत्र माह |

**A-(i), B-(ii), C-(iii), D-(iv)**

25. आहड़ सभ्यता के बारे में निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(A) आहड़वासी तांबा गलाना जानते थे।

(B) ये लोग चावल से परिचित नहीं थे।

(C) धातु का काम आहड़वासियों की अर्थव्यवस्था का एक साधन था।

(D) यहाँ से काले - लाल रंग मद्भाण्ड मिले हैं, जिन पर सामान्यत: सफेद रंग से ज्यामितीय आकृतियाँ उकेरी गई हैं।

**A, C एवं D सही हैं**

26. राज्य विधान परिषद् के उत्सादन के लिए राज्य विधानसभा द्वारा संविधान के अनुच्छेद 169 के अंतर्गत स्वीकृत संकल्प के बारे में निम्नांकित में से कौनसा कथन सही है?

**केन्द्र सरकार पर कोई बाध्यता अधिरोपित नहीं करता है कि वह संसद में विधि निर्माण हेतु कार्यवाही करें।**

27. भारत के संविधान में वर्णित नीति निदेशक तत्वों का सुमेलित युग्म पहचानिए-

**पुरुषों और स्त्रियों दोनों का समान कार्य के लिए समान वेतन हो- अनुच्छेद 39**



Created by Universal Document Converter

28. राजस्थान उच्च न्यायालय के निम्नांकित न्यायाधीशों में से कौन राजस्थान सरकार में राज्यमंत्री के पद पर आसीन रहे हैं?

**जस्टिस फारूख हसन**

29. निम्नलिखित में से किसने कहा था, ''एक संविधान एक मशीन की तरह बेजान चीज है, इसमें वे लोग जीवन फूंकते हैं जो इसका नियंत्रण करते हैं, भारत में बस कुछ ईमानदार लोगों की आवश्यकता है जिसके लिए राष्ट्रहित ही सर्वोपरि है''?

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**

30. संविधान में मूल कर्त्तव्यों को जिसकी सिफारिश पर सम्मिलित किया गया, वह हैं– **स्वर्ण सिंह समिति**

31. **कथन (A)** : नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक का कर्त्तव्य न केवल व्यय की वैधता सुनिश्चित करना है अपितु औचित्य भी है।

**कारण (R)** : उसे वित्तीय प्रशासन के क्षेत्र में संविधान और संसद के कानूनों को बनाए रखना है।

**(A) और (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या है।**

32. गुरुमुख निहाल सिंह को राजस्थान का प्रथम राज्यपाल नियुक्त किया गया था– **25 अक्टूबर, 1956 को**

33. राजस्थान के निम्नांकित मुख्यमंत्रियों में से कौन लोकसभा के सदस्य नहीं रहे हैं?

(A) हरिदेव जोशी (B) भैरों सिंह शेखावत

(C) टीकाराम पालीवाल (D) बरकतुल्लाह खान

**(A, B, D) हरिदेव जोशी, भैरों सिंह शेखावत, बरकतुल्लाह खान**

34. सूची–I एवं सूची–II को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए–

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| **संविधान सभा समिति** | **अध्यक्ष** |
| (A) मूल अधिकार | (i) बी.आर. अम्बेडकर |
| (B) कार्य संचालन | (ii) जवाहरलाल नेहरू |
| (C) संघ शक्ति | (iii) के.एम. मुंशी |
| (D) प्रारूप | (iv) सरदार पटेल |

**A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)**

35. भारत के संविधान के अनुच्छेद 103 के तहत, राष्ट्रपति लोकसभा सदस्यों की निरर्हताओं से संबंधित किसी भी प्रश्न पर कोई निर्णय देने से पूर्व निम्नांकित में से किसकी राय लेगा? **निर्वाचन आयोग**

36. राजस्थान में लोकायुक्त के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही है?

(A) वह राज्यपाल द्वारा नियुक्त एवं विधानसभा के प्रति उत्तरदायी होता है।

(B) उसका क्षेत्राधिकार मंत्रियों, राज्य विधानसभा के सदस्यों एवं उच्च लोक सेवकों तक फैला है।

(C) वह भ्रष्टाचार एवं कु–प्रशासन के मामलों पर विचार करता है।

(D) उसका कार्य आरोपों की जाँच करना है, न कि शिकायतों की।

**(A) & (C)**



Created by Universal Document Converter

37. भारत के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति का सही क्रम है– **एच.एल. दत्तु, टी.एस. ठाकुर, जगदीश सिंह खेहर**

38. निम्नांकित में से कौन राजस्थान राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति हेतु अधिकृत है?
**उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश**

39. निम्नलिखित में से नागरिक अधिकार पत्र के मूल तत्व में कौन सम्मिलित नहीं है?
**अभिकरण के कार्य के निरीक्षण का प्रावधान**

40. राजस्थान सरकार द्वारा अभी हाल में, घोषित 'उड़ान' योजना की गलत विशेषता चिन्हित कीजिए–
**इस योजना के अंतर्गत प्रदेश की सभी महिलाओं को 19 नवम्बर, 2021 से सेनेटरी नैपकिन नि:शुल्क मिलेंगे।**

41. राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की किस धारा को संशोधित कर 'ग्राम सेवक' के स्थान पर 'ग्राम विकास अधिकारी' अभिव्यक्ति को प्रतिस्थापित किया गया है? **89**

42. 'राजस्थान विधानसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियम' के अनुसार निम्नांकित में से कौन से विभाग के प्राक्कलन, प्राक्कलन समिति 'क' के नियंत्रणाधीन नहीं है? **गृह विभाग**

43. विशाखा व अन्य बनाम राजस्थान राज्य व अन्य मुकदमा संबंधित है–
**कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम से**

44. मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना की कौनसी विशेषता गलत है?
**मरीज जिस बीमारी के लिए अस्पताल में भर्ती होता है, उसके 5 दिन पहले एवं डिस्चार्ज के 10 दिन बाद तक अस्पताल में की गई जाँचों, दवाईयों एवं परामर्श शुल्क का व्यय पैकेज की राशि में सम्मिलित है।**

45. राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग से संबंधित कौन से संविधान संशोधन अधिनियम को उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ ने असंवैधानिक घोषित कर दिया था? **99 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम**

46. राजस्थान लोक सेवा आयोग अपने कार्यों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है– **राज्यपाल के समक्ष**

47. राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के प्रावधानों के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा नगर परिषद् में अधिकतम कितने व्यक्ति नाम निर्दिष्ट किये जा सकते है ? **8**

48. राजस्थान प्रशासनिक सेवा अधिकारियों को पहली बार जिला कलेक्टर के रूप में पदस्थापना निम्नांकित में से किस वर्ष की गई थी?
**2009**

49. राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान से संबंधित निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए –
(i) राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान का गठन दिसम्बर, 1994 में हुआ।
(ii) इसका एक सचिव होता है जो राज्य का मुख्य निर्वाचन अधिकारी भी होता है। **केवल (ii) सही है।**

50. सूचना के अधिकार अधिनियम के उद्देश्यों के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा सही नहीं है ?
**समाज की महिलाओं एवं कमजोर तबकों ( वर्गों ) को सशक्त करने के लिए काम करना।**



Created by Universal Document Converter

51. निम्न में से थार मरुस्थल के भाग हैं?

(A) गोड़वाड़ प्रदेश
(B) शेखावाटी प्रदेश
(C) बनास का मैदान
(D) घग्गर का मैदान

**(A, B, D) गोड़वाड़ प्रदेश, शेखावाटी प्रदेश, घग्गर का मैदान**

52. सूची -I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये कूट में से कीजिए-

| **सूची -I ( पर्यटक स्थल )** | **सूची II ( स्थिति )** |
|---|---|
| (A) लालगढ़ | (i) झालावाड़ |
| (B) त्रिपुर सुन्दरी | (ii) बाड़मेर |
| (C) गागरोन किला | (iii) बीकानेर |
| (D) नाकोड़ा | (iv) बांसवाड़ा |

**A-(iii), B-(iv), C-(i), D-(ii)**

53. निम्नलिखित विशेषताएं किस नदी की है?

- इसका उद्गम कुम्भलगढ़ किले के निकट अरावली पहाड़ियों से है।
- यह नदी मेवाड़ के मैदान के मध्य से गुजरती है।
- बेड़च, कोठारी व मोरेल इसकी सहायक नदियाँ है।

**बनास**

54. राजस्थान में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का द्वितीय स्थान पर सर्वाधिक प्रतिशत है(2011) - **डूंगरपुर जिले में**

55. निम्न में से कौनसा उत्तर-दक्षिण गलियारे पर स्थित है? **आगरा**

56. निम्न में से कौनसा सही सुमेलित नहीं है?

**झील - देश**

(A) बाल्खश (बाल्काश) -कज़ाख़स्तान
(B) टिटीकाका - बोलीविया-पेरू
(C) ईरी - यू.एस.ए.-कनाडा
(D) बैकाल - यूक्रेन

**बैकाल - यूक्रेन**

57. कोपेन के जलवायु वर्गीकण के अनुसार निम्न में से कौन से सही सुमेलित है?

(A) Cwg - भरतपुर
(B) Bwhw - बाड़मेर
(C) Bshw -गंगानगर
(D) Aw - डूंगरपुर

**(A) व (D)**



Created by Universal Document Converter

58. 2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के कौन से जिलों में ग्रामीण और नगरीय लिंगानुपात सर्वाधिक है?

**ग्रामीण लिंगानुपात – नगरीय लिंगानुपात**

(A) राजसमन्द – बांसवाड़ा

(B) डूंगरपुर – टोंक

(C) पाली – चूरू

(D) जालौर – नागौर ***Delete**

**सर्वाधिक ग्रामीण लिंगानुपात- पाली, सर्वाधिक नगरीय लिंगानुपात- टोंक**

59. कौन से वर्ष में राजस्थान सौर ऊर्जा नीति घोषित की गई थी ? **2019**

60. निम्न में से कौन सा सही सुमेलित है?

(A) मांडो की पाल – फेल्सपार

(B) तलवाड़ा – सीसा एवं जस्ता

(C) खेरवाड़ा – एस्बेस्टस

(D) ऋषभदेव – अभ्रक **खेरवाड़ा – एस्बेस्टस**

61. डोडा- बेट्टा चोटी स्थित है – **नीलगिरी पहाड़ियों में**

62. सूची –I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए–

| **सूची –I ( स्थलाकृति )** | **सूची II ( महाद्वीप )** |
|---|---|
| (A) एकांकागुआ | (i) आस्ट्रेलिया |
| (B) मेसेटा | (ii) अफ्रीका |
| (C) सेरेनगेटी मैदान | (iii) यूरोप |
| (D) गिब्सन डेजर्ट | (iv) दक्षिणी अमेरिका |

**A-(iv), B-(iii), C-(ii), D-(i)**

63. गोगेलाव संरक्षित क्षेत्र किस जिले में स्थित है? **नागौर**

64. निम्न में से कौनसा एक सही सुमेलित नहीं है? **गोरनाया शोरिया-सूती वस्त्र**

65. सूची –I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए–

| **सूची –I ( नदी )** | **सूची II ( सहायक नदी )** |
|---|---|
| (A) गोदावरी | (i) भवानी |
| (B) महानदी | (ii) पेनगंगा |
| (C) दामोदर | (iii) शिवनाथ |
| (D) कावेरी | (iv) बाराकार |

**A-(ii), B-(iii), C-(iv), D-(i)**

66. निम्न में से कौनसा एक सही सुमेलित है? **बॉक्साइट – लोहरदगा**



Created by Universal Document Converter

67. निम्न में से किस जिले में, उप-उष्ण पर्वतीय वन पाए जाते है ? **सिरोही**

68. सूची -I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए-

| **सूची -I ( स्थान )** | **सूची II ( ऊर्जा )** |
|---|---|
| (A) पावागढ़ | (i) पवन |
| (B) तातपानी | (ii) सौर |
| (C) मुपंदल | (iii) भूतापीय |
| (D) काकरापार | (iv) परमाणु( आण्विक) |

**A-(ii), B-(iii), C-(i), D-(iv)**

69. 'ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर' राजस्थान के निम्नलिखित में से किन जिलों से गुजरेगा ? **अजमेर, चित्तौड़गढ़, बीकानेर**

70. सूची -I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए-

| **सूची -I ( जिला )** | **सूची II ( प्रमुख उद्योग )** |
|---|---|
| (A) उदयपुर | (i) सफेद सीमेन्ट |
| (B) नागौर | (ii) रसायन |
| (C) भीलवाड़ा | (iii) वस्त्र उद्योग |
| (D) कोटा | (iv) सीसा एवं जस्ता |

**A-(iv), B-(i), C-(iii), D-(ii)**

71. बाजार मूल्यों पर शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद है - **बाजार मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद - मूल्यह्रास**

72. निम्न में से कौन से बजट में, भारत में रेल बजट को केन्द्रीय बजट में मिला दिया गया? **बजट 2017-18**

73. अग्रिम अनुमानों के अनुसार, 2020-21 में स्थिर कीमतों पर(2011-12) राजस्थान की प्रति व्यक्ति आय है- **D72297**

74. 1 अप्रैल, 2020 को भारत सरकार द्वारा शुरु की गई अटल भू-जल स्कीम में सहायता उपलब्ध करवाने वाली संस्था है-**विश्व बैंक**

75. निम्न लिखित में से कौन "आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना" के क्रियान्वयन हेतु उत्तरदायी है?

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण**

76. व्यापार सुगमता रिपोर्ट, 2020 के अनुसार, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सूचकांक 2019 में, भारत का कौनसा स्थान रहा? **63वाँ**

77. वर्ल्ड हैप्पीनेस इण्डेक्स 2021 में भारत का क्या स्थान है? **139वाँ**

78. 2021-22 के राजस्थान-बजट में विद्युत पर कुल व्यय का प्रस्तावित योजना व्यय का प्रतिशत है- **14.32%**

79. राजस्थान में सतत् विकास लक्ष्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निम्न में से किस विभाग को नोडल विभाग घोषित किया गया है?

**आयोजना विभाग**

80. आयुष्मान भारत महात्मा गाँधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना के अन्तर्गत नाजुक बीमारी स्वास्थ्य बीमा के स्थिति में प्रति परिवार प्रति वर्ष दी जाने वाली राशि है- **4.50 लाख रूपये**

81. निम्नलिखित में से कौन-सा जिला राजस्थान में 'मरु त्रिकोण' का भाग नहीं है ? **बाड़मेर**



Created by Universal Document Converter

82. राष्ट्रीय कृषि विस्तार एवं तकनीकी मिशन में वित्त पोषण में राजस्थान सरकार का हिस्सा क्या है? **40 प्रतिशत**

83. राजस्थान की 'परवन' बहुउद्देश्यीय सिंचाई परियोजना निम्न जिलों को सिंचाई सुविधा प्रदान करेगी –
**झालावाड़, बारां और कोटा जिला**

84. राजस्थान बजट 2020-21 के अनुसार, फिनटेक डिजिटल विश्वविद्यालय की स्थापना किस जिले में होगी? **जोधपुर**

85. लघु और सीमान्त किसानों को पेंशन के उद्देश्य से ''प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना'' कब प्रारंभ की गई? **12 सितम्बर, 2019**

86. औद्योगिक उत्पादन निर्देशांक, जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था में औद्योगिक क्रियाओं का मापक है, इसमें क्या सम्मिलित नहीं किया जाता है? **गैस एवं जलापूर्ति**

87. महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु इंदिरा महिला शक्ति निधि की शुरुआत हुई थी – **18 दिसम्बर, 2019**

88. जनगणना -2011 के अनुसार, भारत और राजस्थान में कार्य सहभागिता दर क्रमश: कितनी रही? **39.8% एवं 43.6%**

89. राष्ट्रीय आय लेखांकन में 'आधार वर्ष' का अर्थ है–
**जिस वर्ष की की कीमतों का उपयोग वास्तविक जी. डी. पी. की गणना के लिए किया जाता है।**

90. राजस्थान में राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौनसा कथन गलत है?
**इस योजना का नारा है 'आपणी योजना आपणो विकास' है।**

91. क्वांटम डॉट है – **अर्द्धचालक नैनो संरचना**

92. 16 : 9 के चित्र अभिमुखता अनुपात (पिक्चर आस्पेक्ट रेश्यो) के साथ, प्रदर्श विभेदन (रिस्प्ले रिजॉल्यूशन) 1080p का अर्थ है–
**1920 × 1080 पिक्सेल्स**

93. कड़कनाथ एक किस्म है – **मुर्गे की**

94. ट्राइसोमी 21 को निम्न में से किस नाम से जाना जाता है ? **डाउन सिंड्रोम**

95. जापानी इन्सेफेलाइटिस का कारक विषाणु मनुष्य शरीर के किस हिस्से को संक्रमित करता है? **मस्तिष्क**

96. निम्नलिखित में से कौन सा एक जूनोटिक रोग नहीं है? **म्यूकोरमाइकोसिस**

97. MOEMS का पूर्णरूप है – **माइक्रो-ऑप्टो-इलेक्ट्रो-मेकेनिकल-सिस्टम्स**

98. निम्न में से कौन सा आवृत्ति बैंड INSAT/GSAT उपग्रह संचार हेतु उपयोग में नहीं लिया जाता हैं? **MF**

99. पिछली सदी में वैश्विक औसत तापमान में कितनी वृद्धि हुई है? **$1.8^0$**

100. बायोमास का एक उल्टा पिरामिड किस पारिस्थितिकी तंत्र में पाया जा सकता है? **समुद्री**

101. विज्ञान और प्रोद्योगिकी विभाग के अधीन कार्यरत राज्य रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर स्थित है – **जोधपुर में**

102. निम्न में से कौन से विटामिन्स वसा में घुलनशील है? **A एवं D**

103. माता गर्भस्थ शिशु Rh रक्त प्रकार विसंगति की समस्या उत्पन्न हो सकती है, यदि माता ...... है एवं उसका गर्भस्थ शिशु ........ है।
**Rh हीन; Rh सहित**

104. संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सी.एन.जी.) मुख्यत: है– **मीथेन**



Created by Universal Document Converter

कलाम ACADEMY

# RAS Pre-2021
# ANSWER KEY

27.10.2021

105. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन का आदर्शवाक्य है – **बलस्य मूलं विज्ञानम्**

106. राजस्थान में सौर वेधशाला कहाँ स्थित है? **उदयपुर में**

107. भारत वन स्थिति रिपोर्ट 2019 के अनुसार, निम्न में से किस एक जिले में, बहुत घना जंगल क्षेत्रफल न्यूनतम है? **जोधपुर**

108. दुर्दम (मेलिगनेंट) मलेरिया होता है– **प्लास्मोडियम फैल्सीपैरम से**

109. राजस्थान का राज्य पुष्प है – **रोहिड़ा**

110. स्टेथोस्कोप में, रोगी की दिल की धड़कन की ध्वनि डॉक्टर के कानों तक पहुँचती है– **ध्वनि के बहु परावर्तन द्वारा**

111. एक कथन के पश्चात् चार तर्क I, II, III और IV दिए गए हैं। कौनसा (से) तर्क अधिक मजबूत है/हैं, चुनिए–

कथन : क्या मोटर साइकिल को चलाते समय चालक और पिछली सीट पर बैठे व्यक्ति दोनों के लिए हेलमेट पहनने के नियम का कठोरता से पालन करवाना चाहिए?

तर्क : I नहीं, प्रत्येक व्यक्ति स्वयं के जीवन की रक्षा कैसे करनी है जानता है एवं इसे उसके विवेक पर छोड़ देना चाहिए।

II हाँ, यह नियम है और नियमों की पालना कड़ाई से सभी को करनी चाहिए।

III हाँ, यह आवश्यक है क्योंकि सिर शरीर का सबसे संवदेनशील/नियतंत्रक अंग है, इसे हेलमेट द्वारा सुरक्षित करना चाहिए।

IV नहीं, यह सिर की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं करता है। **केवल II और III तर्क मजबूत हैं**

112. निम्न आरेख में विभिन्न अक्षरों को अंकों 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8 और 9 से प्रदर्शित किया गया है, जो इस प्रकार है कि प्रत्येक "M + N + P", "P + Q + R", "R + S + T" और "T + U + V", 13 के बराबर हैं। R किस अंक को प्रदर्शित करता है?


```
M N P
    Q
    R S T
        U
        V
```

**4**

113. माना किसी कूट (कोड) विशेष में, TIGER को QDFHS की तरह तथा MERIT को SHQDL की तरह लिखा जाता है, तब इसी कूट (कोड) में FROZEN को इस तरह लिखा जायेगा – **MDYNQE**

114. किसी धन के 5% वार्षिक दर से तीन वर्ष में चक्रवृद्धि ब्याज तथा साधारण ब्याज का अन्तर 183 रु. है, तो मूलधन है – **Rs. 24000**

115. नीचे दिए गए चित्र में आयत और वर्गों (दोनों) की कुल संख्या है–



**21**



Created by Universal Document Converter

116. एक आयताकार कमरा 12 मीटर लम्बा, 6 मीटर चौड़ा तथा 4 मीटर ऊँचा है। इसमें दो दरवाजे प्रत्येक 2 मीटर × 1 मीटर के एवं 2 खिड़कियाँ प्रत्येक 1.5 मीटर × 1 मीटर की हैं। यदि दीवारों पर रंग करवाने की दर 15 रु. प्रति वर्ग मीटर है, तो दीवरों पर रंग करवाने का कुल व्यय है– **2055 रु.**

117. एक पाँसे को तीन बार फैंका जाता है। प्रत्येक बार पूर्व प्राप्त संख्या से बड़ी संख्या प्राप्त करने की प्रायिकता है – **5/54**

118. 1 से 156 तक संख्याओं के मध्य स्थित संख्याओं का जो कि 2, 3, 4 और 6 से विभाज्य है, का समान्तर माध्य होगा – **78**

*119. नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को दावा (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में दर्शाया गया है।*

*दावा (A) : सही काम के लिए सही व्यक्ति का चयन सही वेतन पर चयन करने का सही दृष्टिकोण है।*


*कारण (R) : गलत चुना गया व्यक्ति एक दायित्व है।*

*उपरोक्त संदर्भ में, निम्न में से कौन सा एक सही है?* **दोनों (A) तथा (R) सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है**

120. एक थैली में 1 रु., 50 पैसे तथा 25 पैसे के सिक्के 25 : 9: 5 के अनुपात में हैं। यदि थैली में कुल धन 2460 रु. है, तो थैली में 50 पैसे के सिक्कों की संख्या है – **720**

121. वीरेन्द्र राजेन्द्र के पिता का लड़का है। राजेन्द्र की बुआ मंजु है। आदर्श मंजु का पति है और प्रकाश का दामाद है। प्रकाश राजेन्द्र से कैसे संबंधित है? **दादा**

122. एक पुस्तक के प्रकाशन में होने वाले व्यय का प्रतिशत वितरण निम्नलिखित पाई चार्ट में दिया गया है –




पुस्तकों की विशेष संख्या के लिए यदि रॉयल्टी का भुगतान 22950 रु. है, तो प्रिंटिंग पर होने वाला व्यय है– **38250 रु.**

123. बास्केटबॉल के कुछ खिलाड़ी वॉलीबॉल के भी खिलाड़ी हैं, वॉलीबॉल के कुछ खिलाड़ी बैडमिंटन के भी खिलाड़ी है, बास्केटबॉल का कोई भी खिलाड़ी बैडमिंटन का खिलाड़ी नहीं है।

निम्नलिखित में से कौन सा चित्र उपर्युक्त कथन को प्रदर्शित करता है? 

124. एक कथन के पश्चात् दो पूर्वधारणायें I और II दी गई हैं। कथन और उसके पश्चात् दी गई पूर्वधारणाओं के आधार पर निर्णय कीजिए कि कौनसी पूर्वधारणा कथन में अंतर्निहित है?

कथन : ललिता के पास पुस्तकों का विशाल संग्रह है और वह अपने संग्रह में सम्मिलित करने के लिए नयी पुस्तकें खरीदती रहती है।

पूर्वधारणायें : I ललिता ने जो पुस्तकें खरीदी हैं उसने वह प्रत्येक पुस्तक पढ़ी है।

II ललिता को पुस्तकों के लिए प्यार और जुनून है। **केवल II पूर्वधारणा अंतर्निहित है**



Created by Universal Document Converter

125. एक कथन के पश्चात् दो निष्कर्ष I और II दिए गए हैं। आपको कथन में दी गई प्रत्येक जानकारी को सत्य मानना है, दोनों निष्कर्षों को साथ विचार करके निर्णय कीजिए कि कौनसा निष्कर्ष अनुसारण करता है।

कथन : आजकल माता-पिता अपने बच्चों में उत्तम विकास के लिए कुलीन शिक्षण संस्थाओं को कितनी भी फीस देने को तैयार रहते है।

निष्कर्ष : I माता-पिता पर अच्छे शिक्षण संस्थानों के माध्यम से अपने बच्चों के उत्तम विकास की धुन सवार है।

II आजकल सभी माता-पिता बहुत पैसे वाले हैं। **केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है**

126. एक 6 लड़कियों और 4 लड़कों के समूह में से 4 बच्चों का चयन करना है। कितने अलग-अलग तरीके से उनका चयन किया जा सकता है जबकि उसमें कम से कम एक लड़की अवश्य हो? **209**

127. निम्नलिखित का अध्ययन कर प्रश्न का उत्तर दें-

**कथन :** पिछले कुछ हफ्तों के दौरान पेट्रोल की कीमतें बढ़ी हैं।

**कार्यवाही :**

I सरकार को एक विशेषज्ञ समिति का गठन करना चाहिए जो कीमतों की प्रवृत्ति का अध्ययन करें।

II सरकार को पेट्रोल पर तुरंत टैक्स कम कर देना चाहिए।


III सरकार को सामान्य जनता को सलाह देनी चाहिए कि कुछ सप्ताह के लिए पेट्रोल खरीदने से परहेज करें।

निर्णय कीजिए की कौन सी कार्यवाही अनुसरण करती है। **केवल I**

128. 3 उम्मीदवारों A, B एवं C के एक चुनाव में, A, B से 50% अधिक वोट प्राप्त करता है। A, C को 18000 वोटों से भी हराता है। यदि यह ज्ञात हो, कि B, C से 5% अधिक वोट प्राप्त करता है, तो मतदाता सूची पर अंकित मतदाताओं की संख्या ज्ञात कीजिए, दिया गया है की मतदाता सूची के 90% मतदाताओं ने वोट दिये तथा कोई भी वोट अवैध नहीं थे। ***Delete**

129. जब घड़ी सुबह के 7:45 दिखाती है, तब मिनट की सुई पूर्व की ओर इशारा करती है। 3 घंटे बाद, घंटे की सुई किस दिशा की ओर इशारा करती है? **पूर्व - दक्षिण**

130. नीचे दिए गए चित्र में, आयत पुरुषों को, त्रिभुज शिक्षितों को, वृत शहरी को और वर्ग सरकारी कर्मचारियों को प्रदर्शित करता है, तो निम्नलिखित में से कौनसा शिक्षित पुरुष जो शहरी नहीं हैं को प्रदर्शित करता है?




**11**

131. अन्तर्राष्ट्रीय एनी अवार्ड 2020 किसे प्रदान किया गया है? **सी.एन.आर. राव**

132. मार्च 2021 में, भारत ने निम्नांकित में से किस देश के साथ आपदा प्रबन्धन, सहनीयता और शमन के क्षेत्र में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये? **बांग्लादेश**



Created by Universal Document Converter

133. निम्नांकित में से कौन 'मेराथन वॉर : लीडरशिप इन कॉम्बेट इन अफगानिस्तान' नामक पुस्तक का लेखक हैं? **जेफ्री श्लोसर**

134. राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किस संविधान संशोधन अधिनियम को 18 अगस्त, 2021 को मंजूरी दी? **105वाँ**

135. कॉलेज विद्यार्थियों को डिजीटल अकादमिक सामग्री की सहायता प्रदान करने के लिए राजस्थान सरकार ने एक ऐप प्रारंभ किया है। इस ऐप का नाम क्या है? **माई बुक लो ऐप**

136. पुस्तक 'संस्कृति री सनातन दीठ' के लेखक कौन हैं? **भँवर सिंह सामौर**

137. राजस्थान जन आधार प्राधिकरण अध्यादेश लागू हुआ – **18 दिसंबर, 2019 को**

138. निर्यातक बनने के आकांक्षी लोगों के लिए प्रारंभ किया गया 'मिशन निर्यातक बनो' प्रवर्तित किया गया है–
**उद्योग विभाग, राजस्थान सरकार एवं रिको (RIICO) द्वारा**

139. धोलावीरा (गुजरात) हाल ही में खबरों में क्यों था?
**हाल ही में यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में सम्मिलित किया गया**

140. निम्नलिखित में से कौन टोक्यो ओलम्पिक 2021 में सिल्वर पदक विजेता रहे? दिये गये कूट में से सही उत्तर का चुना कीजिये–
(A) रवि कुमार दहिया (B) पी.वी. सिन्धु (C) बजरंग पुनिया (D) मीराबाई चानू। सही कूट – **(A) एवं (D)**

141. टोक्यो पैरालिम्पिक 2020 के समापन समारोह में कौनसा खिलाड़ी भारतीय ध्वज वाहक बना? **अवनि लेखरा**

142. सूची I को सूची II से मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए –

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (A) भाविना पटेल | (i) तीरंदाजी |
| (B) निशाद कुमार | (ii) भाला फेंक |
| (C) हरविंदर सिंह | (iii) टेबल टेनिस |
| (D) देवेंद्र झाझरिया | (iv) ऊँची कूद |

**(A)-iii, (B)-iv, (C)-i, (D)-ii**

143. आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन पहल (SCRI) के बारे में निम्नलिखित कथनों को पढ़िए –
(i) अंतराष्ट्रीय व्यापार के संबंध में आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन एक दृष्टिकोण है, जो एक देश की किसी अप्रत्याशित स्थिति में आयात की निर्बाध आपूर्ति को सुनिश्चित करने में मदद करता है।
(ii) यह पाँच देशों की एक पहल है, भारत उनमें से एक है।
सही कूट चुनिए – **केवल (i) सत्य है**

144. निम्नांकित में से किसने टाईम 2021 लिस्ट ऑफ 100 मोस्ट इन्फ्लूएनशियल पीपल में स्थान प्राप्त किया है? सही उत्तर है –
**[(A), (B), (C), (D) ] नरेन्द्र मोदी, ममता बनर्जी, अडार पूनावाला, मंजूषा, पी. कुलकर्णी**

145. इटली ने किस देश को हराकर यूईएफए यूरो – 2020 फाइनल जीता? **इंग्लैण्ड**

146. 23 मार्च, 2021 को 'हंगर हॉटस्पॉट रिपोर्ट' किसके द्वारा जारी की गई? **(FAO) तथा (WFP) दोनों के द्वारा साझा रूप से**

147. भारत की प्रथम कृषि आधारित 'कुसुम' सौर ऊर्जा संयंत्र परियोजना को राजस्थान के किस गाँव में प्रारंभ किया गया? **भालोजी**

148. तियानवेन-1 है – **चीन का अंतरिक्ष यान**

149. 'नाबी एमजी' है – **गेहूँ की एक किस्म**

150. नजीब मिकाती कौन हैं? **लेबनान के प्रधानमंत्री**



Created by Universal Document Converter